संक्षिप्त

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की मासिक बैठक हुई

झुंझुनूं, । रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की मासिक बैठक स्थानीय केशव आदर्श विद्या मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष राजेश जांगिड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि विजयनगर में हुई घटना के विरोध में सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में नव संवत्सर कार्यक्रम तथा समरसता दिवस अंबेडकर जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। नव संवत्सर कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व संध्या पर सभी उप शाखा में दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। वहीं 30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर अपनी अपनी उप शाखा में तिलक लगाकर व प्रसाद वितरण कर संवत्सर की बधाई देने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में 14 अप्रेल को समरसता दिवस जिला मुख्यालय पर मनाने का निर्णय लिया। जिला मंत्री राजेश हलवान ने समरसता दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर प्रदेश पर्यवेक्षक के रूप में संभाग उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने संकुल रचना करने के लिए कहा। इस अवसर पर संगठन महिला मंत्री मंजू सोनानिया, संगठन मंत्री विनोद कुमार, जिला महिला मंत्री आयशा, जितेंद्र गौड़, कपिल कुमार, ललित कुमार, महेंद्र शर्मा, कुलदीप कानोडिया, हेमराज मीणा, सज्जन सिंह, अजय सिंह, अंजेश जांगिड़, सुनील भारद्वाज, शेरसिंह, रमेश पूनियां, अनिल कुमार, वीरेंद्र, रामकिशन, संजय, महेश मान, बंशीधर जांगिड़, मूलसिंह शेखावत सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के पुतले का करेंगे दहन

सादुलपुर । बजट में युवाओं को हाथ लगी निराशा को लेकर 25 फरवरी मंगलवार सुबह 11 बजे यूथ कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जायेगा। यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया गागडवास ने बताया कि बजट 25-26 में युवाओं के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं करने, राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस विधायकों को सस्पेंड करने ओर बजट में सादुलपुर की अनदेखी करने व राजीव गांधी युवा मित्रों की बहाली की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें विरोध में 25 फरवरी मंगलवार सुबह 11 बजे यूथ कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जायेगा।

सीकर में हुआ भव्य फागोउत्सव का आयोजन

सीकर। जिला मुख्यालय पर पहली बार शानदार भव्य फागोउत्सव का आयोजन रविवार को जयपुर रोड स्थित अन्नपूर्णा होटल में किया गया।कार्यक्रम आयोजक तेज कंवर राठौड़ ने बताया कि रविवार को आयोजित कार्यक्रम में लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए में फूलों की होली सहित राजस्थानी परंपरा से जुड़े कई कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई ।कार्यक्रम में कॉमेडियन सोनू शेखावत फोक सिंगर राजस्थान मीनाक्षी राठौड़ ,माही शेखावत व मोना राठौड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सभी ऑडियंस के लिए उपहार रखा गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 11हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार के रूप में 51 सौ तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 21सौ विजेताओं को दिए गए ।कार्यक्रम में विशेष पांच विजेताओं को हेलीकॉप्टर राइड के पुरस्कार से नवाजा गया। भाजपा नेता नीलम मिश्रा, महावीर इंटरनेशनल वीरा की कोषाध्यक्ष श्रीमती शिवानी तिवाड़ी, अभिलाषा रणवा, मधु सोनी, श्रीमती पूर्ण कंवर,तेज कंवर राठौर कविता शेखावत सहसंयोजक राजकंवर राठौड़ व मंजू राठौड़ उपस्थिति रही।

लाइब्रेरी पुस्तकालय का संचालन

सादुलपुर । पंचायत समिति विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश और लिखित आदेश देकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनुपयोगी भवनों में लाइब्रेरी पुस्तकालय खोलने के निर्देश दिए। पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया ने बताया कि 14 अप्रैल 2०25 को एक साथ समस्त अधीनस्थ 68 ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी पुस्तकालय प्रारंभ करवाई जानी है। जिन ग्राम पंचायत में जहां-जहां भवन अनुपयोगी पडे हुए हैं, जिनकी सूचना ग्राम विकास अधिकारियों की ओर से पूर्व में दी गई है। उन भवनों में फर्नीचर, पानी ओर लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय आदि की साफ सफाई भी दिनांक 14 अप्रैल 2०25 तक करने के निर्देश दिए गए हैं।

जेईई मैन्स में रिकॉर्ड अंक हासिल करने वाले 350 से अधिक विद्यार्थी पुरस्कृत

■ स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

झुंझुनूं, । प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल ने 2025 के वार्षिकोत्सव समारोह प्राइड 2025 का आयोजन भव्यता के साथ किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर एक शानदार और रंगीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। समारोह का उद्घाटन पधारे हुए विशेष अतिथियों झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, डूंडलोद पब्लिक स्कूल के चेयरमैन बीएल रणवां, डीईओ सैकंडरी राधेश्याम जिनागल, मंडावा तहसीलदार मुकेश सिहाग, तोगड़ा कलां सरपंच निशा संजीव कुमार, प्रिंसिपल बबिता आबूसरिया, प्रमेंद्र कुल्हार, एडीईओ उमेश कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय झझड़िया व संस्थान के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत संस्थान की छात्राओं द्वारा तिलक कर व पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर किया गया। समारोह में विशेष रूप से विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अकादमिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया था। जिसमें जेईई मैन्स परीक्षा परिणाम में टॉप रैंक हासिल करने वाले पीसीआई के इकांश गुप्ता को 51 हजार व अंकित गुर्जर को 11 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। बोर्ड परीक्षा में टॉप रैंक हासिल करने वाले कक्षा 12 विज्ञान वर्ग, कला व वाणिज्य को संयुक्त रूप में प्रथम तीन स्थानों में दीक्षा चौधरी, दिव्या, रिया भामू, हर्षिता, महिमा शर्मा, खुश्मीत कौर, फरहा खान, पूर्वी को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार व 51 सौ रुपए देकर और साथ ही कक्षा 10 आरबीएसई व सीबीएसई के प्रथम तीन टॉपर्स अभिषेक चाहर, सुकन्या शर्मा, अंशिका चौधरी, नवीन कटेवा, प्रियांशी, सजल शर्मा को भी क्रमशः 11 हजार, 5100-5100 रूपए देकर सम्मानित किया। साथ ही अलग अलग श्रेणियों में चयनित 350 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने एकजुटता और टीम भावना का संदेश दिया और यह सुनिश्चित किया कि प्राइड 2025 न केवल एक उत्सव था। बल्कि यह एक प्रेरणा भी थी।

जो विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी, रामसिंह, लक्ष्मी कालेर, पीसीआई हैड अनूप सिंह व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की छात्राओं प्राची, साक्षी, लक्षिका, खुशी, मनस्वी व शिक्षिका प्रिया छावछरिया ने किया।

इस मौके पर छात्रों ने देश के विभिन्न राज्यों के लोक गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक और रामायण, महाभारत के किरदार प्रमुख रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संस्थान के 850 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति से स्कूल परिसर स्थित पंडाल खचाखच भरा हुआ रहा। वहीं कला, विज्ञान, कंप्यूटर (एआई), रोबोटिक्स की प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे देखकर सभी अतिथि व उपस्थित लोग चकित व मंत्रमुग्ध हो गए। प्राइड 2025 की थीम समाज में समावेशिता, विविधता और एकता को बढ़ावा देना था, जिसे कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से उजागर किया गया।

समारोह के दौरान प्रिंस ठ्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने सभी छात्रों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और आगे भी अपने लक्ष्यों को ऊंचा रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है, बल्कि विद्यार्थियों को समाज में अपने योगदान को पहचानने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

अतिथि मनोज मील ने सुंदर कविता पाठ कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें संस्थान की वर्ष भर की उपलब्धियां बताई गई कार्यक्रम दो दिन रविवार व सोमवार तक चलेगा। इस मौके पर निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि इस बार हमारे स्कूल के तीन खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल पर पहुंचकर टॉप रैंक प्राप्त की। जिन्होंने जिले का मान बढ़ाया। उन्हें जिला कलेक्टर द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया गया है। उनका भी कार्यक्रम के दौरान सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि हमने इसी सत्र में कोटा और सीकर की अनुभवी फैकल्टी के साथ प्रिंस कॅरिअर इंस्टीट्यूट पीसीआई की शुरूआत की है।

प्रतिभाओं के नोहर पहुँचने पर नागरिक अभिनंदन किया

नोहर(निसं.)। कस्बे के प्रतिष्ठित एडवोकेट अजय गुरु के सरदारपुरा बास स्थित अपने निवास स्थान पर नोहर निवासी योग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता अजय वर्मा व टैक्सटाईल इण्डस्ट्री में यूनिवर्सिटी ऑफ मीनो, पुर्तगाल से प्रतिष्ठित पोस्ट डॉक सर्टिफिकेट कोर्स करने के उपलक्ष में डॉ रामरतन गुरु का अभिनन्दन किया गया। दोनों ही प्रतिभाओं का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।डॉ. श्रवण सुथार ने दोनों प्रतिभाओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए सवेरा संस्थान के अध्यक्ष रफीक चौहान ने प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारे कस्बे के इन होनहार युवाओं ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिक्षाविद् जगत पाल शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दोनों ही प्रतिभाओं की ओर से शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी शिक्षा -यात्रा पर जानकारी दी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. रामरतन गुरु ने कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में कार्य या अध्ययन कर रहे है उसमें पूरी तन्मयता से करें। उच्च से उच्चतर स्तर की गहराईयों में उतरने पर ही सफलता मिलती है। सफलता के मार्ग में अनेक चुनौतियां और बाधायें आती है उनसे बिना घबराए हमें धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। शोध के क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिये हर सम्भव सहयोग व मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। अजय वर्मा ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में योग व प्रणायाम को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये लाभदायक बताते हुये इसे खेलों में शामिल किये जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुये हरेक छात्र व युवा को योग व खेल गतिविधियों से जुड़ने का आ ान किया। उन्होंने नशावृति से दूर रहकर भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अनुसार जीवन यापन करते हुये अध्ययन और शोध कार्य की प्रवृतियों से जुड़ने की बात कही। अजय वर्मा कस्बे के टैगोर सर्किल के निकट निवास करने वाले प्रेम वर्मा व श्रीमती स्नेह वर्मा के घर 26 जुलाई 1999 को जन्मे अजय वर्मा ने स्थानीय अपाला स्कूल ऑफ ऐजुकेशन से सैकण्डरी स्कूल परीक्षा पास की शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल से सीनियर हायर सैकण्डरी परीक्षा पास कर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से पतञ्जली विश्वविद्यालय, हरिद्वार से योगा साईंस में स्नात्तक एवं स्नात्तकोत्तर परीक्षायें उत्तीर्ण कर देव सुमन विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा में स्नात्तक किया। छात्र जीवन से ही पारिवारिक वातावरण से तथा विद्यालय में गुरुजनों के सानिध्य में योगासनों का अभ्यास किया। स्केट्स के उपर 15 मिनट 35 सैकण्ड में 140 योगासनों का प्रदर्शन कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। 36 वें नेशनल गेम्स में स्केट्स में भी राष्ट्रीय स्तर भाग लेने के साथ ही 38वें नेशनल गेम्स में योगासन में ठ्रुप आर्टिस्टिक में गोल्ड व ड्युऐट में सिल्वर मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अब ऐशियन गेम्स के लिये तैयारी कर रहे है। ये सोशल प्लेटफॉर्मस् पर निरन्तर सक्रिय रहते है। स्केटर साधक के नाम से डांस प्रफोर्मेंस पर अधिकतम 10 करोड़ व्यूज प्राप्त कर चुके हैं। फेसबुक पर साढ़े चार लाख व इंस्टाठ्राम पर चार लाख तथा यू ट्यूब पर पचास हजार फॉलोवर्स जोड़ चुके हैं और डॉ0 राम रतन " गुरु " कस्बे के जगदीश प्रसाद व श्रीमती सुमित्रा देवी के घर जन्मे डॉ. राम रतन की प्रारम्भिक शिक्षा यहाँ के गीतांजलि पब्लिक स्कूल में हुई। सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा विज्ञान वर्ग से राजकीय विद्यालय से यहीं से प्राप्त थी। राजकीय टैक्सटाईल इन्जी. कॉलेज भीलवाड़ा से बी. टेक . व राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान - जालन्धर से एम . टेक . तथा भारत सरकार के वस्त्र मन्त्रालय से प्राप्त स्कॉलरशिप से टैक्सटाईल टैक्नोलॉजी से पी.एच.डी. प्राप्त की। विश्व की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मीनो, बराला (पुर्तगाल) से पोस्ट डॉक सर्टिफिकेट कोर्स कर विभिन्न स्थानों पर सेवाएं देते हुये मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साईंस एण्ड टैक्नोलॉजी लक्ष्मणगढ़ राजस्थान में स्कूल ऑफ डिजायन के विभागाध्यक्ष व पी.एच.डी . कॉर्डिनेटर के रूप में सेवायें दे रहे है।

करण मेघवाल का किया अभिनन्दन

सादुलपुर, । पैरा ओलम्पिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व चूरू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पदमभूषण देवेन्द्र झाझड़िया के नेतृत्व में रविवार को तमिलनाडु चेन्नई में आयोजित नेशनल पैरा एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे खिलाडी करण सिंह मेघवाल बैरासर गुमाना का रेल्वे स्टेशन सादुलपुर पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। देवेंद्र झाझड़िया की तरफ से खिलाड़ियों के साथ भेजे गए भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण जांगिड ने बताया कि सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से कुल पांच मेडल आये हैं, जिनमें तीन गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल, एक ब्रांज मेडल आया है। करण सिंह मेघवाल बैरासर गुमाना का डिस्कस थ्रोअर में गोल्ड मेडल, लसेडी की सौभाग्य श्री जांगिड का सौ मीटर रेस में गोल्ड मेडल, भामासी की भारती श्योराण का पंद्रह सौ मीटर रेस में गोल्ड मेडल, गुगलवा की रविना शेखावत को जेवलीन में सिल्वर मेडल व भूपेश स्वामी राजगढ को सौ मीटर रेस में ब्रांज मेडल आया है। जिनमें खिलाडी करण सिंह मेघवाल ने काफी साल तक संघर्ष करके यह मुकाम हासिल किया है।

झुंझुनूं में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

झुंझुनूं, । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 119वां एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि भारत एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। देश का युवा हर क्षेत्र में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित करवा रहा है। महिलाओं की भागीदारी भी हर क्षेत्र में बढ़ी है। देश स्पेस सैटेलाइट्स लॉन्चिंग के सैक्टर में अपना स्थान अठाणी पंक्ति में रखने में सफल हो पाया है।

जिसमें 104 सेटेलाइट एक साथ लॉन्चिंग करने का श्रेय भारत के स्पेस सेंटर को जाता है। स्पेस सेंटर में महिला साइंटिस्टों की भागीदारी भी बढ़ी है। इसरो ने 100वां सैटेलाइट लॉन्च किया है। आने वाले समय में हम नेशनल साइंस डे मनाने जा रहे हैं। उन्होंने क्रिकेट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समय क्रिकेट का रोमांच भी सर चढ़कर बोल रहा है। अन्य क्षेत्रों में एआई सेक्टर में इस समय बहुत ही ज्यादा संभावनाएं हैं। उसी के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पेरिस की यात्रा पर भी गए। जिसमें एआई का शानदार योगदान आज के मीडिया के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहा है। कर्नाटक में एआई सेक्टर में अनेक उपलब्धियां प्राप्त की है। हर क्षेत्र में महिलाओं के कठिन परिश्रम ने उनका स्थान अगली पंक्ति में अंकित करवा दिया है।

हंसा मेहता ने राष्ट्रीय ध्वज निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उनके बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने बताया कि संस्कृत में बेटियों का सम्मान रहा है। इसका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा की महिला दिवस पर वें एक अनूठी पहल करने जा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलो में गोल्ड मैडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सावन बड़वाल, किरण महात्रे एवं जयपुर की पूजा तथा शूटिंग में गेविन एपटोनी को भी बधाई देते हुए कहा कि नेशनल गेम्स में इन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स को स्ट्रांगपावर आफ गेम्स बताया। युवाओं के लिए उनका संदेश की खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करें एवं खूब मेहनत करें। जिससे शारीरिक क्षमता का विकास हो सके।

उन्होंने डॉक्टर देवी शेट्टी जो कार्डियक सर्जन है। उनका भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ी है। जिसके गोल्ड मेडल के रूप में सुखद परिणाम मिल रहे हैं। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद् जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष सौरभ जोशी, भाजपा जिला संयोजक सोशल मीडिया एवं निवर्तमान पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, शहर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रामनिवास सैनी, महेंद्र सोनी, निवर्तमान पार्षद विजय कुमार सैनी, सीए लोकेश अठावाल, नरेश ठठेरा, दयाराम सैनी, श्रीराम सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री नोजा सती माता का वार्षिकोत्सव व भंडारे का आयोजन

नवलगढ़, । कस्बे के ठ्राम पंचायत ढाका की ढाणी के पंचायत भवन के पास में स्थित श्री नोजा सती माता का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रमों में मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ, हवन व रात्रि को संगीतमय भजन संध्या का आयोजन हुआ। वहीं शनिवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने प्रसाद ठाहण किया। इसी दौरार ठ्रामवासियों की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन भी किया गया। नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। नगरपालिका चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ढाका की ढाणी की प्रशासक सुमन देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रताप पूनियां, राहुल सीगड़ बतौर मंचस्थ अतिथि थे। ठ्रामवासियों ने साफा व पुष्प माला पहनाकर नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल व पालिका चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान पुष्प माला व साफा पहनाकर मंचस्थ अतिथियों का भी स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान ठ्राम पंचायत ढाका की ढाणी प्रशासक सुमन सैनी के नेतृत्व में ठ्राम पंचायत ढाका की ढाणी में कई विकास कार्यों की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कई विकास कार्यों की घोषणा विधायक विक्रम सिंह जाखल ने तुरंत ही कर दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने श्री नोजा सती माता मंदिर कमेटी को नकद 51 हजार रूपए का आर्थिक सहयोग दिया। वहीं मंदिर परिसर में इंटरलॉक सड़क, शहीद विजयपाल सिंह सीनियर सैकंडरी स्कूल के पास में हाईमास्क लाईट, रूनला की ढाणी व ढाका की ढाणी आथुनी में एक-एक टयूबवैल, ढूढियों की ढाणी से बेरी सीमा तक डामरीकृत सड़क तथा सती जोहडी डामर सड़क से भोमाराम के घर की ओर बेरी सीमा तक डामर सड़क का निर्माण करवाने की घोषणा की। वहीं इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ के विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। धार्मिक कार्यक्रमों का हमारे जीवन में अहम महत्व हैं।

प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर बैठक में हुई चर्चा

झुंझुनूं, । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद लगातार मंत्री और प्रभारी सचिव अपने अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर रहे है। इसी क्रम में रविवार को सूबे के समाज कल्याण मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें गत बजट घोषणाओं, जनहित के लंबित कार्यों की समीक्षा के अलावा इस बजट में हुई घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा तथा डीआइजी शरद चौधरी के अलावा अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि झुंझुनूं पुलिस लाइन के पास निर्माणाधीन पुलिया को लेकर रेलवे से बात हो चुकी है। इस कार्य को पूरा करने के लिए 52 करोड़ रूपए का एस्टीमेट बनाया गाय है। पहले रेलवे 27 प्रतिशत पैसा दे रहा था। लेकिन राज्य सरकार ने सकारात्मक माहौल में वार्ता कर 50 प्रतिशत पैसा देने के लिए रेलवे से लगभग सहमति बना ली है। जल्द ही पुलिया का काम पूरा होगा। उन्होंने बताया कि यमुना का पानी लाने के लिए गत दिनों हरियाणा के सीएम के साथ राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा की वार्ता हुई है। ज्वाइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जो जल्दी ही डीपीआर को अंतिम रूप देने का काम करेगी। इसके बाद पानी लाने के लिए खर्च होने वाले पैसे के लिए बजट दे दिया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जिस राजस्थान निर्माण के लिए भैरोसिंह शेखावत ने कार्य किया था। उसे वसुंधरा राजे ने आगे बढ़ाया और इसी राजस्थान निर्माण को अब भजनलाल शर्मा नई उंचाई प्रदान कर रहे है। उन्होंने बजट को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि इस बार का भी बजट ऐतिहासिक रहा है। जिसमें हर वर्ग का ख्याल रखा है। विकास के मामले में राजस्थान पूरे देश में दूसरे नंबर पर है। जिसे एक नंबर पर लाने के लिए भजनलाल सरकार प्रयास कर रही है। हम राजस्थान की इकॉनॉमी को भी डबल बनाने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि अपराध में कमी लाई गई है। पिछले साल के मुकाबले इस बार 10 प्रतिशत कम अपराध हुए है। वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी पिछली साल 1000 से बढ़ाकर 1150 की गई थी। जो इस बार बढ़ाकर 1250 रूपए की गई है। हाल ही में 250 करोड़ रूपए की राशि एसटी की छात्रवृत्ति के लिए जारी किए गए है। वहीं बिजली उत्पादन को भी हमने 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया है। सीएम भजनलाल शर्मा की मंशा है कि 2027 से पहले पहले बिजली के मामले में राजस्थान इतना आत्मनिर्भर बन जाए कि हम किसानों को रात के साथ-साथ कृषि कार्य के लिए दिन में भी बिजली आपूर्ति कर सके।

बैठक में मंत्री अविनाश गहलोत ने इस वर्ष की बजट घोषणाओं के अनुसार आवश्यकता के अनुरूप भूमि चिह्निकरण एवं आवंटन से जुड़ी गतिविधियों को 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में मूर्त रूप प्रदान करने के लिए गंभीरता से काम करें। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने आगामी गर्मियों को देखते हुए पेयजल की समस्या को चुनौती मानकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले को जल्द ही यमुना का पानी मिलेगा, इसके लिए प्रदेश में टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है, वहीं हरियाणा सरकार भी जल्द टास्क फोर्स का गठन करेगी। तीर्थराज लोहार्गल में24 कोसी परिक्रमा मार्गपर साफ सफाई के मुद्दे को लेकर उन्होंने प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा ने जिले में 2025-26 की बजट घोषणाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों और इनमें शामिल कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि हर कार्य में समयबद्धता, गुणवत्ता और उपयोगिता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए बजट घोषणाओं के कार्यों को रफ्तार देने की जरूरत है। उन्होंने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए इन्हें बेहतर ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

प्रसाद समारोह का भव्य आयोजन

झुंझुनूं, । विद्युत विभाग के मुख्यालय परिसर स्थित वीर हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से की गई। इस पावन अवसर पर पवन पुजारी महंत रुपाणा धाम भीमसर ने प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करवाई। वहीं मुकुंदगढ़ आश्रम के बाबा शैलेन्द्र नाथ महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। इस शुभ आयोजन में अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा, संभागीय मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह, अधीक्षण अभियंता महेश कुमार टीबड़ा, अधिशासी अभियंता विजयपाल लालपुरिया, ओपी महला, वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश बोला सहित संभाग के समस्त अभियंतागण, कर्मचारी यूनियन के देवकरण सैनी, वीरेंद्र सिंह, सुनील बुगालिया और सदस्य सयुंक्त व्यवस्था परिषद सुरेश शर्मा सहित सभी कर्मचारी व झुंझुनूं जिले के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस धार्मिक अनुष्ठान में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, महेश जीनगर राजेश दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हनुमान जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और प्रसाद ठाहण किया। प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। भजन संध्या में हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया गया। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में महाप्रसाद का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ठाहण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत चलाया संघन सफाई अभियान

सादुलपुर । स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत ददरेवा और सिद्धमुख ब्लॉक में संघन सफाई अभियान के तहत की उपखंड अधिकारी, पंचायत समिति प्रधान, बीडीओ एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशन में ददरेवा और सिद्धमुख में सफाई अभियान के साथ डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य किया गया। रविवार दोपहर तीन बजे दी जानकारी के अनुसार इसी दोरान ग्रामीणों को मानव जीवन में स्वच्छता की आवश्यकता और महत्ता के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी। पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया ने कहा कि जीवन में स्वच्छता की महत्वता को समझ कर स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर घरों के आसपास सफाई व्यवस्था में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि भावी पीढीयों के लिए स्वच्छता को जीवन में अपना कर स्वच्छ और स्वस्थ समाज निर्माण में भागीदारी निभाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। विकास अधिकारी जोईया ने बताया कि ददरेवा में जाहरवीर लोक देवता गोगा जी महाराज मंदिर परिसर के आसपास श्रद्धालुओं की अधिकता के मध्य नजर रखते हुए सघंन साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत गांव की गलियां सडक की सफाई की गई। वहीं सिद्धमुख जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सफाई और जागरूकता अभियान के अंतर्गत गली-गली से ठोस एवं तरल कचरा उठाने का कार्य किया गया और सडकों की सफाई की गई। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वच्छता श्रमदान अभियान में ददरेवा एवं सिद्धमुख के लोगों ने भी भागीदारी निभाई तथा गांव के प्रमुख लोगों सहित पंचायत समिति प्रभारी जयवीर पूनियां व अशोक सहित बडी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान में सहयोग किया।

आंगनबाडी कार्यकताओं की समस्याओं को सुना

सादुलपुर, । विद्युत कार्मिक भवन राजगढ में आंगनबाडी में कार्यरत क